July - Dec. 2017-18

# Darpan

**Newsletter of Post Graduate College published Biannual & Bilingual**

# आर्य महिला पी.जी. कॉलेज

**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सम्बद्ध**

**(नैक द्वारा ग्रेड ''ए'')**

**College with Potential for Excellence**

Copyright C : Arya Mahila P.G. College, Chetganj, Varanasi
Ph. : 0542-2411893, Fax : 0542-2401287
Website : www.ampgc.ac.in

## प्राचार्य की लेखनी से



मुझे गर्व है कि मैं श्रीमती विद्या देवी जी एवं स्वामी ज्ञानान्द जी द्वारा स्थापित इस पवित्र संस्था आर्य महिला पी0जी0 कॉलेज में प्राचार्य के रूप में हूँ तथा उनके सपनों को आगे बढाने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

न्यूज लैटर 'दर्पण' विगत वर्षों से अनवरत प्रकाशित हो रहा है। इसमें महाविद्यालय के अध्यापकगण, छात्राए प्रशासन, कार्यालयीय कर्मचारीगण से सम्बन्धित सभी समाचारों को समाहित करने का प्रयास किया जाता है।

महाविद्यालय में कम्प्यूटरी कृत लाइब्रेरी, कम्प्यूटर साक्षरता, छात्र-परिषद्, खेलकूद आदि कार्यक्रमों द्वारा छात्राओं के चहुमूखी विकास का प्रयास किया जाता है। साथ ही साथ शिक्षणेतर एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के भीतर छिपी रचनात्मक एवं ज्ञानात्मक प्रतिभा को सामने लाने को अवसर प्रदान किया जाता है। छात्राओं को महाविद्यालय में आने एवं जाने की सुविधा के लिए एक और बस बढाया गया है।

समाज में आज भी एसी बहुत सी ऐसी स्त्रियां है जो शिक्षा जगत में विभिन्न अकादमिक गतिविधियों से वंचित है, उन्हे शिक्षित एवं स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से 'दूरस्थ शिक्षा' को केन्द्र में रखकर महात्मा गॉधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय से (M.B.A., MJ, BJ, PGDK,C, PGDCA, DCA तथा B.Ed. आदि पाठ्क्रमों का संचालन सत्र 2017-18 से आरम्भ किया जा रहा है।

न्यूज लेटर 'दर्पण' के प्रस्तुत अंक (जुलाई - दिसम्बर 2016 -17) के प्रकाशन के अवसर पर मैं सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रबन्ध - समिति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ जिनके कुशल निर्देशन एवं रचनात्मक सहयोग से मुझे सदैव बल मिलता रहा है। महाविद्यालय के सभी शिक्षक वृंद, छात्राओं एवं कर्मचारीगण को महाविद्यालय की गरिमा बनाए रखनें के लिए धन्यवाद देती हूँ। पुनः अगले अंकों में क्रमशः......

## श्रद्धेया विद्यादेवी जी



पूजनीया श्रीमती विद्यादेवी जी का जन्म 08.10.1900 ई0 को हुआ। वह 17 वर्ष की अल्पायु में काशी आयीं। यहाँ उन्होंने स्वामी ज्ञानानन्द जी से दीक्षा ग्रहण कर स्वामी जी के आशीर्वाद से महामण्डल एवं उससे सम्बद्ध शिक्षण संस्थाओं को स्थापित करने का महान कार्य किया। उन्होंने सन् 1956 ई0 में आर्य महिला डीग्री कॉलेज की स्थापना की। वह महाविद्यालय के सेवार्थ जीवन पर्यन्त समर्पित रहीं। उनका तिरोभाव 04.11.1988 ई0 को हुआ।




7 अक्टूबर 2017 को पूजनीया श्रीमती विद्यादेवी जी के आविर्भाव स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित 'विद्यांजलि' कार्यक्रम में माता जी को समर्पित न्यूज लेटर 'दर्पण' का विमोचन करते हुए मंचासीन मुख्य अतिथि प्रो.ए.एन. त्रिपाठी, निदेशक, मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र. का.हि.वि.वि. वाराणसी, श्रीमती पूजा दीक्षित, डॉ. रचना दूबे, डॉ. सुचिता त्रिपाठी एवं संपादक मण्डल।

# FACULTY OF ARTS

## Department of A.I.H.C. & Archaeology



दिनांक 26.10.2017 को प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग द्वारा "Historicity and Importance of Buddhist Councils in Indian Buddhism" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ0 अर्पिता चटर्जी, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग, का.हि.वि.वि., वाराणसी रहीं।



दिनांक 27.10.2017 को 'इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर हेरिटेज कन्जर्वेशन (INTECH) द्वारा वसंत कन्या महाविद्यालय, कमच्छा में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में 'Heritage Volunteer' में प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग की प्रवक्ताओं एवं 10 छात्राओं ने सहभागिता की।

दिनांक 08.09.2017 को विभाग द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अन्तर्गत निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## Department of Bangla

आर्य महिला पी.जी. कॉलेज एवं निखिल भारत बंगीय साहित्य सम्मेलन के तत्त्वावधान में संचालित Academic link course में बंगला विभाग की कु0 प्रीति विश्वकर्मा ने 'प्रवेशिका चतुर्थ वर्ष परीक्षा'' (All India) में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

श्री रामचन्द्र मिशन एवं यूनाइटेड नेशन इन्फार्मेशन सेण्टर फॉर इंडिया एण्ड भूटान द्वारा आयोजित 'अखिल भारतीय निबन्ध प्रतियोगिता' विभाग ने करवाई। जिसमें कु0 ममता मौर्य, कु0 सुदीक्षा एवं सुष्मिता को सान्त्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

''स्वच्छता पखवाड़ा'' के अन्तर्गत "Clean Campus slogan" कार्यक्रम का आयोजन किया।

श्री ज्ञानेन्द्रनाथ टैगोर के 150वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में लघुकथा पर आधारित ''पोस्टर प्रतियोगिता'' का आयोजन किया। जिसमें कु0 रिया सामन्त प्रथम, देवांगी बोस द्वितीय, कु0 समृद्धि पाण्डेय तृतीय तथा स्वीटीदत्त एवं श्रुति भट्टाचार्या ने सान्त्वना पुरस्कार प्राप्त किया।



## Department of English

The Department of English organised a Blood donation camp for the Students and Teachers of the College on 16th September2017. Dr. Rachana Dubey, Principal of the college and other teachers and students donated the blood.




It also organised an Essay Competition entitled Innovative way for Spreading the Message of Hygiene under the aegis of Swachhata Pakhwada on 12th September.

It also organised a literary quiz for its undergraduate and postgraduate students.

## Department of Home Science

विभाग द्वारा दिनांक 01.09.2017 से 07.09.2017 तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह'' मनाया गया। जिसके अन्तर्गत दिनांक 04.09.2017 को 'हेल्दी टिफिन' प्रतियोगिता एवं 06.09.2017 को पोस्टर एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक 11.09.2017 को विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। जिसमें कु. मौसम विश्वकर्मा प्रथम, कु. प्रज्ञा द्वितीय एवं रूबी पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 04.10.2017 को विभाग द्वारा 'महिला स्वास्थ्य एवं समस्याएँ' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ0 नीलम ओहरी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रहीं।

विभाग में दिनांक 14.10.2017 को पिडिलाइट द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें परवीन जी द्वारा छात्राओं को आरती की थाली तथा दीपक बनाना सिखाया गया।

## Department of Music

दिनांक 14.08.2017 को जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संगीत गायन विभाग की छात्राओं ने मंगलाचरण, कुलगीत एवं आरती की प्रस्तुति की।

15.08.2017 को स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभाग की छात्राओं ने ध्वज वंदना एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति की।

दिनांक 07.10.2017 को महाविद्यालय की संस्थापिका श्रीमती विद्या देवी जी के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संगीत गायन विभाग की छात्राओं ने मंगलाचरण, कुलगीत एवं ''अपनी बानी प्रेम की बानी'' नामक सूफी गीत की प्रस्तुति की।




दिनांक 10.10.2017 को राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित 'नेशनल सिम्पौजिया' में विभाग की छात्राओं ने मंगलाचरण एवं कुलगीत की प्रस्तुति की।

दिनांक 30.10.2017 को विभाग द्वारा ख्यातिलब्ध कलाकार पद्मविभूषण गिरिजा देवी जी की स्मृति में व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसकी मुख्य वक्ता उन्हीं की सुयोग्य शिष्या डॉ. ममता शर्मा जी रहीं। इस अवसर पर पद्मविभूषण गिरिजा देवी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



दिनांक 21.09.2017 से 23.09.2017 तक वाद्य संगीत विभाग में ''सितार वादन की तकनीक एवं बारीकियाँ'' विषय पर त्रिदिवसीय सांगीतिक कार्यशाला : ''तंत्रीनाद'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो0 राजेश शाह, पूर्व विभागाध्यक्ष, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.वि. ने सारगर्भित व्याख्यान दिया। विशिष्ट वक्ता श्री तारक नाथ चन्द्र सितार सुधाकर का.हि.वि.वि. थे। इस अवसर पर छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शनी लगाई तथा सितार पर कुलगीत का वादन किया।

## Department of Hindi




दिनांक 03 अगस्त 2017 हिन्दी विभाग द्वारा प्रेमचंद जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री कमलेश भट्ट 'कमल' एडिशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर विभाग, वाराणसी ने प्रेमचंद के साहित्य पर विचार व्यक्त किया। तथा जापानी कार्यशैली 'हाइकु' लेखन से छात्राओं को परिचित कराया।




विभाग द्वारा दिनांक 06.09.2017 को 'स्वच्छता पखवारा' को अंतर्गत स्वच्छता के संदेश को प्रसारित करने के नवीनतम तरीके विषयक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने सहभागिता की।

हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी भाषा के छात्राओं के मध्य सम्प्रेषित करने के उद्देश्य से सप्ताह पर्यन्त निबन्ध लेखन, काव्य पाठ भाषण, चित्रकला तथा वाद-विवाद आदि प्रतियोगितायें में आयोजित की गईं।



विभाग द्वारा रूद्र काशिकेय के 106वीं जयन्ती समारोह एवं हिन्दी दिवस (सप्ताह) के अवसर पर दिनांक 22.09.2017 को विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. राजेश्वर आचार्य, पूर्व अध्यक्ष संगीत एवं ललित कला विभाग, दीन दयाल उपाध्याय, गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट वक्ता डॉ0 जितेन्द्रनाथ मिश्र, पूर्व अध्यक्ष हिन्दी विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज ने इस अवसर पर रूद्र काशिकेय की रचना 'तुलसीदास' के संगीत रूपक (सी.डी.) का विमोचन किया गया एवं हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगितायें, निबंध, लेखन, भाषण, काव्य-पाठ, चित्रकला में स्थान प्राप्त छात्राओं की उद्घोषणा की गयी।




विभाग द्वारा दिनांक 07.10.2017 को आर्य महिला शिक्षण संस्थानों की संस्थापिका पूजनीया श्रीमती विद्या जी के अविर्भाव स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि प्रो. ए.एन. त्रिपाठी, निदेशक, मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र, का.हि.वि.वि. वाराणसी थे।

## Department of Sanskrit




संस्कृत विभाग की ओर से दिनांक 05.10.2017 को 'वाल्मीकि-जयन्ती' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने ''वाल्मीकि-रामायण के उदात्त चरित्रों के प्रसंगों को श्लोकपाठ तथा भाषण के रूप में व्यक्त किया।

संस्कृत विभाग के सम्पादकत्व में महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका सर्जना-2015-16 का प्रकाशन हुआ।

# FACULTY OF SOCIAL SCIENCE

## Department of History

दिनांक 26.08.2017 को इतिहास विभाग द्वारा कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली गई।



इतिहास विभाग एवं संस्कृति भारती काशी प्राप्त के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 17.11.2017 को 'लक्ष्मीबाई की संघर्ष यात्रा : मणिकर्णिका से फूलबाग तक' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं वीराङ्गना लक्ष्मीबाई स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## Department of Political Science




राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा 11.10.2017 को "National Symposium on Research Paper Writing" आयोजित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध विद्वान् डॉ0 अनिल कुमार वर्मा, निदेशक (सी.एस.एस.पी.), कानपुर ने इस अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान दिया। आपने इस अवसर पर शोध-पत्र लेखन की विविध विधाओं से सहभागियों को परिचित कराया। सिम्पोजियम की अध्यक्षता प्रो. मृत्युंजय मिश्र, अर्थशास्त्र विभाग, का.हि.वि.वि. ने किया।

## Department of Psychology

The Department of Psychology organised on 1st April 2017 a lecture on Cross Cultural Issue in Research by Dr. Urrnila Rani Srivastava, Department of Psychology, B.H.U.

It celebrated **"World Suicide Prevention Day"** with a lecture, skit and poster making competition on 9-10 September with its undergraduate and postgraduate students.

It organised a programme **"Freud and His Contribution"** through skit and movie presentation with postgraduate students on 20th Sept.

It arranged a lecture on **"OD & Change"** for M.A. students by Sandeep Kumar, Assistant Professor, Department of Psychology, B.H.U. on 7th Oct

It organised an excursion tour to Kiran Society for M.A. Students on 11th, October 2017.

It organised a lecture on Mental Imagery by Dr. R.N. Singh Assistant Professor, Department of Psychology, B.H.V. on 31th October.

It also organised a lecture on Models and Approaches to Health Behaviour Change by Dr. Purnima Awashti, Department of Psychology, B.H.U.

## Department of Sociology




Department of Sociology organized a **"Swachhata Jagrukta Programme"** in collaboration with U.P. Government on $8^{th}$ August 2017. It was organized with the motive to create an awareness regarding health & hygiene and an oath for "Swachhata" was taken by all the members presented in it.The Chief Guest on this occasion was Mr. Nitin Ramesh Gokarn, Mandal Commissioner and D.M.Varanasi- Mr. Yogeshwar Ram Mishra and Ram Gopal Mohaley were the key speakers.

It organized a programme "Green Campus Day" on $3^{rd}$ September under the aegis of "Swachhta Pakhwada" from 1st $15^{th}$ September 2017 in which 26 plants were donated by students as well as teachers of the department.





It organized an **"Elocution Contest"** titled "Health & Hygiene is the Real wealth" on 14thSeptember 2017 under "Swachhta Pakhwada". In the programme students were facilitated with 1st, 2nd , 3rd and 2 consolation prizes as well.

## TEACHER'S CORNER



डॉ.अमित दूबे प्रवक्ता, प्रा.भा.ई.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग ने सत्र 2017-18 में नेट/जे.आर.एफ.एफ. की तैयारी हेतु कक्षा का संचालन किया।

डॉ. अनामिका दीक्षित, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, वाद्य संगीत विभाग का शोध प त्र 'सितार वादन में राग सौंदर्य' का प्रकाशन सर्जना-2016 पत्रिका, आ.म.पी.जी.कॉलेज में हुआ।




डॉ0 बृजबाला सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, आर्य महिला इण्टर कॉलेज में आयोजित ''स्व. वीरबाला वर्मा स्मृति'' कबीरदास सबद गायन प्रतियोगिता में निर्णायक रहीं।

डॉ0 बृजबाला सिंह एसोसिएट प्रोफेसर हिन्दी विभाग का शोध-पत्र 'त्रिलोचन शताब्दी वर्ष' में 'जनपदीय धरती का कवि त्रिलोचन' शीर्षक शोध आलेख लिखा। जिसका प्रकाशन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की शोध-पत्रिका 'प्रज्ञा' के अंक 63, भाग 1, वर्ष 2017-18 में हुआ।

डॉ.बिन्दू लाहिड़ि, एसोसिएट प्रोफेसर, बंगला विभाग ने 'Swami Vivekanand :Contribution to India' पुस्तक का सम्पादन किया। महाविद्यालय की पत्रिका 'सर्जना' के सम्पादक मण्डल की सदस्य हैं।

संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ. चन्द्रकान्ता राय ने 'स्पंदन-2017' के अन्तर्गत संस्कृत काव्यपाठ प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में योगदान किया।



डॉ0 चन्द्रकान्ता राय द्वारा सम्पादित पुस्तक ''ब्रह्माण्डपुराण का सांस्कृतिक परिदृश्य'' का लोकार्पण सांस्कृतिक अध्ययन एवं शोध केन्द्र ''ज्ञानप्रवाह'' में दिनांक 1 अगस्त, 2017 को प्रो. पृथ्वीशनाग, कुलपति म.गां.का.वि. तथा डॉ.के.के. मुहम्मद,पुरातत्त्वाविद् ने किया।

श्री पट्टाभिरामशास्त्री वेदीमांसा अनुसंधान केन्द्र, वाराणसी की मूल्यांकित शोध-पत्रिका ''अनुसंधान वल्लरी' में इनका शोधपत्र 'अर्थवाद का प्रामाण्य' प्रकाशित हुआ।

लोकमान्य सार्वजनिक श्रीगणेशोत्सव समिति द्वारा हरिश्चन्द्र बालिका इण्टर कॉलेज, वाराणसी में 'संस्कृत से संस्कृति संरक्षण' विषय पर कार्यशाला तथा 'संस्कृति संरक्षण में संस्कृत की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में व्याख्यान प्रस्तुत किया। संस्कृत विभाग की 15 छात्राओं ने कार्यशाला में भाग लिया।

श्रीमती डिम्पल राय, तबला संगतकार संगीत विभाग का शोधपत्र 'भारतीय संगीत आधार एवं उपचार' का प्रकाशन सर्जना (2016) में हुआ।

डॉ.गीता सिंह एसोसिएट प्रोफेसर, वाद्य संगीत विभाग का शोध पत्र ''सितार वादन में राग सौन्दर्य' सर्जना (2016) में प्रकाशित हुआ। सितार पर कुलगीत की धुन शीर्षक के अन्तर्गत कुलगीत की 'वाद्य स्वर लिपि' की रचना की।



डॉ. ममता सान्याल, एसोसिएट प्रोफेसर, संगीत गायन विभाग, School of Management Science में दिनांक 10.11.2017 को आयोजित रंगोली एवं संगीत गायन प्रतियोगिता में निर्णायक रही।

अखिल भारतीय विद्वत्परिषद् की त्रैमासिकी अन्तर्राष्ट्रीय शोधपत्रिका (2017) यद्वा में डॉ. पुष्पा त्रिपाठी, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग का शोधपत्र 'पंचमहायज्ञों की महत्ता' प्रकाशित हुआ

डॉ. रंजना मालवीय, ऐसोसिएट प्रोफेसर, प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग ने सांस्कृतिक अध्ययन एवं शोध केन्द्र, ज्ञान प्रवाह, वाराणसी द्वारा आयोजित 'Significance of Ganga in Indian Culture" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता की।

डॉ. रुचि मिश्रा, प्रवक्ता, संगीत, गायन विभाग School of Management में दिनांक 10.11.2017 को आयोजित रंगोली एवं संगीत गायन प्रतियोगिता में निर्णायक रहीं।

डॉ. संध्या श्रीवास्तव, प्रवक्ता, दर्शनशास्त्र विभाग की पुस्तक ''आत्मतत्व मीमांसा'' का प्रकाशन 2017 में हुआ।



डॉ0 सुनीता यादव, प्रवक्ता, प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग ने श्री अरविन्द सोसाइटी, नोएडा केन्द्र द्वारा आयोजित (Auro Youth Trainers Traing Train Camp.-2017) Auro Youth Trainer के रूप में सहभागिता की।

डॉ. स्वप्ना बन्द्योध्याय, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, बंगला विभाग को रामचन्द्र मिशन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक संचालन हेतु प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया।



शोध पत्र "Vishupurer Matta Rajader Durgapuja का प्रकाशन शरदोत्सव संघ शारदीय पत्रिका में हुआ।

श्री अरविन्द सोसाइटी, वाराणसी केन्द्र की Auro Youth Trainer के रूप में दो दिवसीय युवा शिविर 2017 का संयोजन किया।

डॉ0 शुची तिवारी, प्रवक्ता, दर्शनशास्त्र विभाग की पुस्तक ''स्वामी विवेकानन्द एवं श्री अरविन्द के दर्शन में जगत् का स्वरूप'' (ISBN-978-93-867090-2-8) 2017 में प्रकाशित हुई।

अखिल भारतीय विद्वत्परिषद् की त्रैमासिकी अन्तर्राष्ट्रीय शोध-पत्रिका (2017) 'यद्वा' में डॉ0 त्रिपुर सुन्दरी अंशकालिक प्रवक्ता, संस्कृत विभाग का शोध-पत्र 'ऋग्वेद में वर्णित नीतिशिक्षा' प्रकाशित हुआ।

डॉ. उषाकला उपाध्याय, एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, सुशीला नारायण नरेश स्थली, विद्यापीठ, चन्दवक, जौनपुर; पाण्डेय संस्कृत महाविद्यालय, श्री भवन अहरौरा, मिर्जापुर; बाबा डोमनदेव महाविद्यालय, दानगंज, वाराणसी; रूक्मिणी बालिका इण्टर कॉलेज, बैजनत्था, वाराणसी के प्रबन्ध समिति की सदस्य (2017) नामित की गई।

Dr. Bhavana Trivedi, Associate professor, Deptt. of Political Science is the editor of Research Journal the "Creation" of A.M.P.G.C.

Dr. Garima Gupta, 'Assistant Professor of Psychology received an International grant from "Jacobs Center for Productive Youth Development, University of Zurich, Switzerland" to attend and participate in a summer school on **"Society for Longitudinal and Life Course Studies from 21st - 25th August, 2017"**

She along with Others edited a book entitled "Shiksha Ke Manovaigyanik Aadhar", (Pg no. 3-451) published by Vikas Publishing House New Delhi with ISBN 978-93-5259-790 .

She reviewed the three chapters of the book Handbook of Research on Geriatric Health, Treatment, and Care, IGI Global, USA.

She acted as an Organizing Secretary for Two Days International Workshop on **"Treatment and Management of Psychological Trauma: EMDR and Other Techniques"** on 9th - 10th October 2017 in the college Premises.

She acted as an organising one week workshop on **"National Workshop on Data analysis with SPSS and R"** from 6th - 12th November 2017 in the College.

Dr. Madhumita Bhattacharya, Associate Professor, Department of Sociology, presented a paper entitled "Pt. Deendayal's Contribution in Nation Building" in the seminar in "Pt. Deen Dayal Upadhyay : Political & Social Thinking" organized by Department of Sociology, Mahatma Gandhi Kashi Vidyapeeth on 14th September 2017. .

Mrs. Kanchan. Assistant Professor, Sociology, presented a paper titled **"Impact of Social Networking Sites on Youth"** in National Seminar"

Development, Globalization & Media" organized by Department of Journalism & Mass Communication, Banaras Hindu University on 26-27 September 2017.

She also presented a paper titled **"Tribes as Protector of Forests"** in National Seminar **"Aadiwaasi ki Maulik Pehchaan"** on 18-19 November 2017 organized by Department of History, S.S. Memorial College, University Of Ranchi.

Dr. Swati Mishra, Assistant Professor, Sociology attended a workshop on :."Recent Studies and History of Kashi: The perspectives" on 13-14 May 2017 organized by the Department of History, Faculty of Social Sciences, BHU.

Dr. Suman Tiwari, Department of Sociology published a paper titled "Effect of Ganga Water Pollution on Social & Religious Practices at Varanasi" in UGC approved Journal Research Spectra No. 4328 ISSN - 2394-9805, Vol. 3 issue

no.I83 page no.64-71.

Mrs. Vijaylakshmi Mishra presented a paper titled **"Pt. Deen Dayal Upadhyay : Political & Social Thinking"** in National Seminar in "Pt. Deen Dayal Upadhyay : Political & Social Thinking" organized by Department of Sociology, Mahatma Gandhi Kashi Vidyapeeth on 14th September 2017.

Dr. Asongpou, Assistant Professor, Department of Philosophy, got selected as the member of Aurobindo Society in October 2017.

## STUDENT'S CORNER

बंगला विभाग की कु0 स्नेहा सिकन्दर का चयन कलर्स, टी.वी. चैनल के "Rising star programme" में किया गया।

7UP Air SQN NCC, BHU द्वारा आयोजित दिनांक 06.11.2017 को ICC (Air) PVSC and A.VSC Camp-2017 में कु0 अंकिता, बी.ए. तृतीय, अंग्रेजी ऑनर्स ने Best Pilot तथा Health & Hygiene प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

दिनांक 7.10.2017 को पूजनीया श्रीमती विद्यादेवी जी के आविर्भाव दिवस की पूर्वसंध्या पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हिन्दी विभाग की शोध छात्रा कु0 शुभा वर्मा ने माता जी के जीवन एवं कर्म का परिचय दिया।

हिन्दी विभाग के छात्र मोती चन्दन प्रसाद ने दिनांक 19.05.2017 से 24.06.2017 की अवधि में जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के प्रो. अब्दुल बिस्मिल्लाह से उनके साहित्य के गूढ़ सवालों को समझाया तथा साक्षात्कार लिया।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अन्तर्गत गृह विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 06.09.2017 को आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में समाइला सईद ने प्रथम स्थान, प्रियंका विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान तथा स्लोगन प्रतियोगिता में सागरिका श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान तथा कु0 पूजा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।




दिनांक 07.11.2017 को शास्त्री घाट, वाराणसी पर आयोजित कार्यक्रम में संगीत गायन विभाग तृतीय वर्ष की छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी।

दिनांक 07.10.2017 को पूजनीया श्रीमती विद्यादेवी जी के आविर्भाव स्मृति समारोह ''विद्यांजलि'' के अवसर पर वाद्य संगीत विभाग की छात्राओं ने सितार पर कुलगीत की मधुर धुन का वादन किया।

ज्ञान-प्रवाह के प्रेरणा-प्रवाह प्रकल्प के अन्तर्गत आयोजित कालिदास श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में संस्कृत विभाग की श्रद्धा तिवारी, प्रज्ञा मिश्रा, कीर्ति राय (एम.ए. उत्तरार्द्ध) अनुरंजिका चतुर्वेदी (एम.ए. पूर्वार्द्ध) आशना मिश्रा (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने सहभागिता कर पुरस्कार प्राप्त किया।

स्वतंत्रता दिवस 2017 के अवसर पर संस्कृत विभाग की आशना मिश्रा, बी.ए. द्वितीय वर्ष, निधि दुबे एवं रीतू बी.ए. तृतीय वर्ष, दिव्य किरण आर्या तथा रूबी कयाल एम.ए. उत्तरार्द्ध ने वन्देमातरम् गीत प्रस्तुत किया।

लोकमान्य सार्वजनिक श्रीगणेशोत्सव समिति द्वारा सुधाकर महिला इण्टर कॉलेज, पाण्डेयपुर में दिनांक 25.08.2017 को आयोजित 'वंदेमातरम्' गानस्पर्धा में वरिष्ठ वर्ग में संस्कृत विभाग की आशना मिश्रा, बी.ए. द्वितीय वर्ष, निधि दुबे एवं रीतू बी.ए. तृतीय वर्ष, दिव्य किरण आर्या तथा रूबी कयाल एम.ए. उत्तरार्द्ध ने उत्तम पुरस्कार प्राप्त किया।

राजकीय जिला पुस्तकालय, वाराणसी द्वारा दिनांक 12.09.2017 को जनपद स्तर पर आयोजित संस्कृत सम्भाषण प्रतियोगिता में भाग लेकर अनुरंजिका चतुर्वेदी एम.ए. उत्तरार्द्ध ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सांस्कृतिक अध्ययन एवं शोधकेन्द्र, ज्ञान-प्रवाह वाराणसी द्वारा "Cultural Activities on Ghats of Banaras" विषय पर दिनांक 23.09.2017 को आयोजित प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में संस्कृत विभाग की अनुष्का एवं प्रियंका पाण्डेय, एम.ए. पूर्वार्द्ध तथा प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग की मोनी मौर्या एवं फरीदा बेगम एम.ए. उत्तरार्द्ध ने भाग लेकर पुरस्कार के रूप में वाराणसी घाट के छायाचित्र तथा स्मृतिचिन्ह प्राप्त किया।

सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31.10.2017 को इतिहास विभाग की छात्राओं ने 'राष्ट्रीय एकता' दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर छात्राओं ने "Relevance and importance of sardar Patel in present India" विषय पर अपने विचार व्यक्ति किये।

Students of the college donated Blood in Blood Donation Camp organized on 16th September, 2017 by the Department of English




Students participated in the Literary Quiz Competition organised By Department of English, B.H.U. on 7th November 2017.

The Students of the Department of Sociology attended one day Workshop on "Content Analysis" followed by visit to to Amar Ujala Press on 1st September, 2017.




## NSS




राष्ट्रीय सेवा योजना, की गंगावाहिनी इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेश सिंह के निर्देशन में छात्राओं ने दिनांक 10 अक्टूबर 2017 को द्वारा 'स्वच्छता जागरूकता अभियान'' के अन्तर्गत राजेन्द्र प्रसाद घाट एवं दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली।

30 अक्टूबर 2017 को गंगावाहिनी इकाई की स्वयं सेविकाओं ने यातायात नियन्त्रण जागरूकता रैली का आयोजन किया।

## SPPIC MACAY

दिनांक 09.07.2017 को स्पिक मैके चैप्टर, वाराणसी द्वारा डी.एल. डब्ल्यू. गेस्ट हाउस में आयोजित अधिवेशन में प्राचार्या डॉ. रचना दूबे तथा डॉ. बृजबाला सिंह ने सहभागिता की।

28 जुलाई 2017 को पद्मश्री डॉ. भारती बन्धु का 'सूफी कबीर गायन' प्रस्तुत हुआ।

## SPORTS NEWS



क्रीड़ा विभाग की ओर से दिनांक 29-30 अगस्त, 2017 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अन्तर्विभागीय क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें नौ विभागों की सहभागिता रही। विजेता अंग्रेजी एवं उपविजेता समाजशास्त्र विभाग रहा। इसी क्रम में एक प्रदर्शनकारी मैच शिक्षकों एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों के मध्य हुआ। जिसमें शिक्षक टीम विजयी रही।

विभाग की ओर से दिनांक 20.09.2017 को रस्सा-कस्सी स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें कला विभाग द्वितीय वर्ष विजयी रहा।

दिनांक 12-13 अक्टूबर, 2017 को अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य विभाग विजयी रहा।

## DISTANCE EDUCATION COURSES :

सत्र 2017-18 में महात्मा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा महाविद्यालय को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से एम.बी.ए., एम.जे., बी.जे., पी.जी.डी.जे.एम.सी., डी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए. तथा बी.एड्. पाठ्यक्रमों के कक्षाओं के संचालन हेतु मान्यता प्राप्त हुई।



दूरस्थ शिक्षा की कार्यप्रणाली से अवगत होने तथा उसके संचालन हेतु दिनांक 02.11.2017 को महात्मा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा आयोजित Orientation course में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रचना दूबे एवं डॉ. सुचिता त्रिपाठी, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग एवं समन्वयक, दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम ने सहभागिता किया।

## NEWS IN FLASH

लोकमान्य सार्वजनिक श्रीगणेशोत्सव समिति द्वारा सुधाकर महिला, इण्टर कॉलेज, पाण्डेयपुर में दिनांक 25.08.2017 को आयोजित वंदेमातरम् गान - प्रतियोगिता में कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग की प्रस्तुतियों में आर्य महिला पी.जी. कॉलेज को सर्वोत्तम पुरस्कार प्राप्त।



श्री अरविन्द सोसाइटी पुदुचेरी काशी इकाई (वाराणसी केन्द्र) द्वारा दो दिवसीय युवा शिविर, दिनांक 26-27 अगस्त 2017 को आयोजित किया गया। शिविर में 60 छात्राओं ने भाग लिया।



Internal Quality Assurance cell आ.म.पी.जी कॉलेज द्वारा "Excellence in Higher Education" विषय पर दिनांक 15.04.2017 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्रोतविद् के रूप में प्रो.मोहम्मद मियाँ, पूर्वकुलपति, एम.ए.यू. विश्वविद्यालय तथा प्रो.के.रामचन्द्रन, परामर्शदाता NUEPA and UNO रहें।

The college has organized a seven days **"National Workshop on Data Analysis with SPSS and R"** from 6th - 12th November 2017 on this occasion. Dr. Shashikant Dixit (Manager), Dr. Amitabh Patnaik (Resource Person), Associate Professor, Dr.D.Y.Patil Institute of Management Studies, Pune, Maharastra, Dr. Lalit Prasad, Resource Person Associate Professor, Dr. Dy.Patil Institute of Management Studies, Pune, Maharastra, Dr. Rachna Dubey, Principal, Dr. Garima Gupta, Organizing Secretary were present.



An Inter-College Speech Competition on “How can we Develop Varanasi as a Smart City” was Organized by - Rotract Club, Arya Mahila P.G.College, Varanasi, on 06th Oct. 2017. The students of AMPGC, VKM, DAV, college and Sunbeam College for Women participated in the competition. Km.R. Mohini of AMPGC won the 1st prize. The chief guest of this program was Rotarian R.C. Jain. Dr. Bhavana Trivedi, co-ordinator Rotract Club organized the program.



On the occasion of our Honarable Prime Minister Narendra Modi’s Birthday, a rally was organised jointly by AMPGC & Rotary Club on 17 Sept. 2017.



A Debate on ‘ Green Kashi Clean Kashi’ was organised by AMPGC in collaboration with Rotary club on 22 Sept. 2017. Dr. Bhavana Trivedi was the co-ordinator of the event.

## Student Council - 2017-18

महाविद्यालय में दिनांक 05.10.2017 को छात्र-परिषद् का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें छात्राओं द्वारा परिषद् के निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया।



**Saumya Kashyap**
Post : College Representative
Class : M.A. (English, 2nd Yrs)



**Ankita Shukla**
Post : College Secretary
Class : M.A. (Eco., 2nd Yrs)



**Aanshiki**
Post : Sec. Student Welfare
Class : B.A. (Inst., 3rd Yrs)



**Shivangi Sharin**
Post : Sec. Hostel Develop.
Class : B.A. (Eco., 1st Yr)



**Vijeta Shukla**
Post : Sec. Law and Disc.
Class : B.A. (Pol.Sc., $3^{rd}$ Yrs)



**Pallavi Singh**
Post : FR Social Science
Class : B.A. (Psy. Sc., $3^{rd}$ Yrs)



**Saumya Kashyap**
Post : FR Social Science
Class : M.A. (English, $2^{nd}$ Yrs)



**Garima Tandan**
Post : Sec. Health & Hygiene
Class : B.Ed. 2nd. Yr.



**Apoorva Singh**
Post : Sec. Social Activities
Class : B.A. (Pol. Sc., $3^{rd}$ Yrs)



**Charvee Khatri**
Post : Sec. Cultural Activities
Class : B.A. (English, 2nd. Yr.)



**Sudiksha Singh**
Post : Sec. Sports Activities
Class : B.A. (English, $3^{rd}$ Yrs)



**Medha Singh**
Post : FR Commerce
Class : B.Com. ($2^{nd}$ Yrs)



**Deepa Jha**
Post : FR Education
Class : B.Ed.



स्वतंत्रता दिवस 2017 के अवसर पर झंडोत्तोलन करते हुए अतिथिगण



नृत्य प्रस्तुत करती महाविद्यालय की छात्राएं।



विद्यालय में नये ‘बस’ का आरम्भ



जन्माष्टमी के अवसर पर नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं।

*Editors :*
**Dr.Ranjana Malviya**
Associate Professor,
Department of A.I.H.C. & Archaeology

**Dr. Preeti**
Assistant Professor,
Department of English

**Dr. Sunita Yadav**
Lecturer,
Department of A.I.H.C. & Archaeology